BSES

रविवार और छुट्टियों के दिन भी खुले रहेंगे बीएसईएस के बिल भुगतान केंद्र

नई दिल्लीः 19 मार्च, 2015। रविवार और छुट्टियों के दिन भी बीएसईएस डिविजन ऑफिसों में स्थित बिल भुगतान केंद्र खुले रहेंगे। 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष से पहले उपभोक्ता की बिलिंग संबंधी देनदारियों को देखते हुए, उन्हें रविवार व छुट्टियों के दिन भी बिल भुगतान करने की सुविधा दी जा रही है। बीआरपीएल के 19 और बीवाईपीएल के 14 डिविजन ऑफिस हैं।

बीआरपीएल और बीवाईपीएल के कुल 33 डिविजन ऑफिसों में स्थित 33 बिल भुगतान केंद्र 28 मार्च– रामनवमी और 29 मार्च – रविवार को छुट्टी होने के बावजूद खुले रहेंगे।

बीवाईपीएल के भुगतान केंद्र इस रविवार यानी 22 मार्च को भी खुलेंगे। भुगतान केंद्र सुबह 9 बजे से दोपहरबाद 3 बजे तक भुगतान स्वीकार करेंगे।

उपभोक्ताओं के लिए यह बात ध्यान में रखना जरूरी है कि नियमों के तहत, 4000 रूपये से अधिक का भुगतान नकद में नहीं किया जा सकेगा।

हालांकि, बीएसईएस उपभोक्ताओं के पास 5000 से भी अधिक बिल भुगतान विकल्प पहले से ही मौजूद हैं। इनमें बीएसईएस काउंटरों के अलावा, बीएसईएस ड्रॉप बॉक्सेज, सुविधा व ऑक्सीजन आउटलेट्स, इट्ज कैश कार्ड, ऑटो डेबिट, नेट बैकिंग, पे बाय फोन, बीएसईएस पेमेंट कियॉस्क, और क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान के विकल्प शामिल हैं।

उपभोक्ता, बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर लॉगऑन करके, या 39999707– बीआरपीएल/ 39999808– बीवाईपीएल पर फोन करके ऑनलाइन भुगतान के बारे में विस्तृत जानकारी ले सकते हैं।

गौरतलब है कि 31 मार्च तक बीएसईएस की जीरो बैलेंस स्कीम भी चलेगी, जिसके तहत समय से बिल व अरियर्स का भुगतान करने वाले उपभोक्ता लकी ड्रॉ के माध्यम से 40 इंच का एलईडी टीवी, फ्रिज व वॉशिंग मशीन जीत सकते हैं। सैकड़ों एलईडी बल्ब भी वे जीत सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं के बिल पर जीरो बैलेंस शो कर रहा है, वे स्वतः इस स्कीम में शामिल हो जाएंगे।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....